## खबर संक्षेप

### युवाओं को शहीदों के बारे में अवगत करवाना होगा

**इंद्री।** भारत नवनिर्माण सेना हरियाणा की ओर से हर वर्ष की भांति इस बार भी शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस ब्राह्मण धर्मशाला इंद्री में मनाया गया। अध्यक्षता भारत नवनिर्माण सेना के प्रदेशाध्यक्ष पंडित धर्मपाल शांडिल्य ने की। इस कार्यक्रम की शुरुआत हवन यज्ञ व राष्ट्रीय गीत के साथ की गई। धर्मपाल शांडिल्य ने कहा कि देश को आजाद कराने के लिए हमारे अनेको वीरों ने अपना बलिदान दिया।

### एकता से संस्कृति तथा राष्ट्र होता है सुरक्षित

**करनाल।** कालड़ा मार्केट में लगे पंडाल में आयोजित भव्य हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि एकता ही संस्कृति और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। जब समाज संगठित रहता है तो उसकी संस्कृति सुरक्षित रहती है और संस्कृति सुरक्षित रहने पर राष्ट्र सुदृढ़ व शक्तिशाली बनता है। वर्तमान समय केवल एक आयोजन का अवसर नहीं, बल्कि सनातन चेतना के जागरण का महापर्व है।

### श्री खाटू श्याम मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव के अंतर्गत आमलकी एकादशी का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। शुक्रवार को मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और बाबा श्याम के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था। बाबा श्याम का आकर्षक श्रृंगार भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा। एकादशी के उपलक्ष्य में विशेष भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

### केवीए डीएवी महिला कॉलेज में व्याख्यान

**करनाल।** कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की ओर से विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दयाल सिंह कॉलेज, करनाल से डॉ. आस्था भाटिया ने शिरकत की और छात्राओं के साथ अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्या मीनू शर्मा, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीत भंडारी, डॉ. अंजू नरवाल और डॉ. दीप्ति शर्मा ने मुख्य अतिथि को पौधे भेंट कर उनका स्वागत किया।

### बुद्धा कॉलेज रम्बा में सेमिनार आज

**करनाल।** करनाल के रम्बा स्थित बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 28 फरवरी, 2026 को एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार का विषय "कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में मानव सशक्तिकरणः चुनौतियाँ एवं भविष्य की संभावनाएँ" रखा गया है। इस आयोजन में देश-विदेश से शिक्षाविद, शोधार्थी, नीति-निर्माता एवं विद्यार्थी भाग लेंगे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के शैक्षिक, सामाजिक, नैतिक तथा वैश्विक प्रभावों पर विचार प्रस्तुत करेंगे।

### हकृवि में राज्य स्तरीय कृषि विकास मेला होगा

**करनाल।** अनाज मंडी, लाडवा में 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक दो दिवसीय राज्य स्तरीय कृषि विकास मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का आयोजन चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। इस वर्ष मेले का मुख्य विषय 'जल संरक्षण – प्रति बूंद अधिक फसल' रखा गया है, जिसका उद्देश्य किसानों को कम पानी में अधिक उत्पादन की उन्नत तकनीकों से जोड़ना है।

### हिंद की चादर मैराथन के सारथियों का सम्मान

**करनाल।** एसडीएम प्रदीप कुमार ने गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित 'हिंद की चादर मैराथन' में सहयोग देने वाली शहर की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी इसी प्रकार से सहयोग मिलता रहेगा।

## करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर धरना जारी

# आंदोलन को मिला संगठनों का व्यापक जनसमर्थन

### रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग पूरी तरह न्यायसंगत : गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन निर्माण की मांग को लेकर किसानों का धरना शुक्रवार को 22वें दिन में प्रवेश कर गया। भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में चल रहे इस आंदोलन को अब विभिन्न संगठनों का समर्थन मिलना शुरू हो गया है।

आज के धरने को सर्व कर्मचारी संघ और जनवादी महिला समिति ने खुला समर्थन दिया। धरने की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर और जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान ममतेज ने संयुक्त रूप से की। धरने को संबोधित करते हुए सुशील गुर्जर ने कहा कि रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग पूरी तरह न्यायसंगत है। यदि सर्विस लेन का निर्माण नहीं हुआ तो किसान अपने खेतों तक कैसे पहुंच पाएंगे। उन्होंने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान ममतेज ने कहा कि महिलाओं का संगठन किसानों के संघर्ष में मजबूती से साथ खड़ा है। धरनास्थल पर मौजूद संगठनों ने एक स्वर में घोषणा की कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा।



**करनाल।** रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान व समर्थन में पहुंचे संगठन सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

### संगठनों के समर्थन पर जताया आभार

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने धरनास्थल पर पहुंचे विभिन्न संगठनों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में किसान, मजदूर और कर्मचारियों को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। सरकार की नीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर प्रभावी दबाव बनाने के लिए संयुक्त आंदोलन की आवश्यकता है।

# एमएसएमई में 45 ग्राहक हुए शामिल

■ पीएनबी ने एमएसएमई ग्राहक मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

पंजाब नेशनल बैंक ने को प्रेम प्लाज़ा, करनाल में एमएसएमई ग्राहकों के लिए एक ग्राहक मिलन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 45 एमएसएमई ग्राहकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बैंक ने राइस शेलर्स एवं टिम्बर मर्चेंट्स के लिए अपनी क्लस्टर आधारित ऋण योजनाओं की जानकारी दी, जिनमें आकर्षक ब्याज दरों पर वित्त उपलब्ध कराया जा रहा है।




### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भारत सरकार के एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय, करनाल के अतिरिक्त विकास आयुक्त श्री संजीव चावला तथा हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के राज्य उपाध्यक्ष आर. एल. शर्मा उपस्थित रहे। पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों में अंचल कार्यालय चंडीगढ़ से उप महाप्रबंधक सुरेश कुमार शर्मा, करनाल मंडल प्रमुख त्रिमूर्ति शिव पांडे, उप मंडल प्रमुख रजत शर्मा एवं एमसीसी प्रमुख विजय राज सिंह राठौड़ शामिल रहे।

# कैब चालक की हत्या और लूट का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

**सीआईए-2 ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

जिला पुलिस सीआईए-2 टीम इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कैब चालक की हत्या कर गाड़ी लूटने की स न स नी खे ज



वारदात का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गई। गिरफ्तार आरोपी प्रवीण उर्फ पीना व जतिन पुत्र राजबीर निवासी गांव जौहरा, गोहाना जिला सोनीपत हैं।

### होली के रंग कान्हा के संग कार्यक्रम 3 को

**तरावड़ी।** दया सेवा समिति तरावड़ी द्वारा होली के अवसर पर फूलों की होली खेलने के लिए 3 मार्च का कार्यक्रम नगरपालिका रोड़ पर रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत भजन कीर्तन से होगी जिसमें गायक प्रियंका मालरा भगवान कृष्ण के साथ श्रद्धालुओं को जोड़ने का काम करेंगी। यह जानकारी देते हुए समिति के संचालक दयावान सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम सुबह दस बजें शुरू होकर दोपहर दो बजें तक चलेगा। उन्होंने बताया कि दोपहर एक बजें से लंगर प्रसाद का वितरण शुरू होगा।

## डीएवी पीजी कॉलेज के खिलाड़ियों ने गाड़े सफलता के झंडे



■ वॉलीबॉल चैंपियनशिप में जीता सिल्वर मेडल

**करनाल।** जयपुर के मणिपाल यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल चैंपियनशिप प्रतियोगिता में डीएवी पीजी कॉलेज के पांच होनहार खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम का नेतृत्व करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह प्रतियोगिता 20 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित हुई, जिसमें देशभर की तमाम यूनिवर्सिटी की टीमों ने शिरकत की थी। कुलपति डॉ. रामपाल सैनी ने बताया कि आदित्य राणा, विशाल कुमार, सौरभ सिंह, दीपांशु चौहान व समीर ने खेल भावना का परिचय दिया।

# शुगर मिल में पदोन्नति की सौगात

■ एमडी अदिति ने 14 कर्मचारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, मिल में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

स्थानीय सहकारी चीनी मिल में कार्यरत कर्मचारियों के लिए आज का दिन बड़ी सौगात लेकर आया। मिल की आदरणीय प्रबंध निदेशक अदिति द्वारा यूनियन की लंबे समय से चली आ रही जायज मांग को पूरा करते हुए कुल 14 कर्मचारियों की पदोन्नति की गई है। पदोन्नत होने वाले कर्मचारियों में 4 क्लर्क, 5 कैन कामदार, 3 सेवादार, 1 ड्राइवर और 1 स्वीपर शामिल हैं। आज आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इन सभी भाग्यशाली कर्मचारियों को एमडी अदिति द्वारा स्वयं नियुक्ति पत्र भेंट किए गए।



### उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

इस निर्णय के बाद मिल कर्मचारियों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है। नवनियुक्त कर्मचारियों के साथ-साथ दी शुगर मिल कर्मचारी यूनियन ने भी प्रबंध निदेशक के इस सकारात्मक और कर्मचारी हितैषी निर्णय के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया है। इस गौरवशाली अवसर पर मिल यूनियन के प्रधान राकेश कुमार, महासचिव गुरमीत सिंह, कर्मचारी निर्देशक राजपाल लाठर, दासी शिवा राजू, विनोद कुमार, मुख्य लेखा अधिकारी प्रदीप कुमार, सेल्स मैनेजर वीरेंद्र बल्हारा और उप मुख्य लेखा अधिकारी अनिल वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे और सभी पदोन्नत कर्मचारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# स्वच्छता के मुद्दे पर ग्राम सचिवों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

**ग्राम स्तर पर स्वच्छता प्रतियोगिता करवाएं**

बीडीपीओ गुरमालक सिंह के मार्गदर्शन में बीडीपीओ कार्यालय इंद्री में सभी ग्राम सचिवों की मीटिंग ली गई। जिसमें जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजकुमार संधू द्वारा ग्राम सचिवों को बताया कि वे ग्राम स्तर पर स्वच्छता प्रतियोगिता करवाए ताकि गांव वाले इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और अपने गांव को प्रथम स्थान पर लेकर आने में सहयोग करें। कोई भी कार्यक्रम तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसमें जनभागीदारी ना हो। खण्ड समन्वयक ब्रहमजीत ने उपस्थित ग्राम सचिवों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों को मुनादी के माध्यम से बताएं कि वे पॉलीथिन का कम से कम प्रयोग करें। यदि घर में पॉलिथीन आ भी गया है तो उसे इधर- उधर ना फेंके।


**इंद्री।** बीडीपीओ कार्यालय में ग्राम सचिवों को संबोधित करते कार्यक्रम प्रबंधक राजकुमार संधू।

# श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव की धूम

■ भजनों की अमृत वर्षा और फूलों की होली में झूम उठे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

शहर में श्री श्याम फाल्गुण महोत्सव के चलते भक्ति का सैलाब उमड़ रहा है। श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल द्वारा आयोजित 12 दिवसीय महोत्सव के नौवें दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। देर रात तक चले इस भक्तिमय कार्यक्रम में गायक कलाकार हिमांशु शर्मा, विनय लाडला और बिन्नी भैया ने अपने मधुर भजनों से समां बांध दिया, जिसे सुनकर श्याम प्रेमी मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करने लगे। महोत्सव के दौरान जमकर फूलों की होली खेली गई और बाबा को रिझाने के लिए भक्त झूमते नजर आए।



### जनसमूह को होली की बधाई दी

मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद ने भी शिरकत की और बाबा श्याम का आशीर्वाद लेकर उपस्थित जनसमूह को होली की बधाई दी। उन्होंने लोगों से स्वच्छ भारत मिशन में सहयोग की भी अपील की। कार्यक्रम में यजमानों के रूप में सुरेश जैन, शशि जैन, अजीत जैन, श्वेता जैन, सागर जैन, श्रुति जैन, नवकार जैन, सीयल जैन व आरव जैन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पंकिल गोयल ने जानकारी दी कि यह महोत्सव 1 मार्च तक चलेगा। इस दौरान श्री श्याम युवा मंडल से मनीष तनेजा, विशाल भुटानी, गौरव खुराना, योगेश शर्मा, सेक्टर सात अग्रवाल सभा से नीरज अग्रवाल, अमित गर्ग, योगेश गोयल, अमित गोयल, मुकेश सिंगला व गौरव गोयल सहित श्री राधे राधे सेवा समिति इंद्री व आदि शक्ति माँ झंडेवाली के सदस्य भी पहुंचे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंकिल गोयल, मोहन लोधी, पियूष बंसल, अजय सैनी, गुरदियल अग्रवाल, संदीप गुप्ता, सुशील गर्ग, राजीव जैन, सुरेंद्र कुमार, संजय बमल, संजीव शर्मा, विशाल भुटानी, शुभम गुप्ता, वरुण गुप्ता व गुरमीत कश्यप का विशेष सहयोग रहा।

### नियमों की अनदेखी पर 89.70 लाख जुर्माना

**करनाल।** जिला सचिवालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक असंध एसडीएम राहुल रईया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बताया गया कि जनवरी 2026 में 31 हजार 576 चालान काट कर 89 लाख 70 हजार 600 रुपये जुर्माना किया गया। इसमें ओवर स्पीड के 6671, बिना हेलमेट के 10,517, शराब पीकर वाहन चलाने के 111, बिना नंबर प्लेट के 1236, लेन चेंज के 925, गलत दिशा में वाहन चलाने के 284, गलत पार्किंग के 1009, लाल बत्ती उल्लंघन के 1151, बिना थर्ड पार्टी बीमा के 2471, जेब्रा क्रासिंग के 5023, बिना पोल्यूशन सर्टिफिकेट के 1042 और बिना सीट बेल्ट के 27 चालान काटे गए। आरटीए द्वारा 289 चालान काट कर 1,14,82,800 रुपये जुर्माना किया गया। एसडीएम राहुल रईया ने सड़कों पर फीकी पड़ चुकी सफेद पट्टी को ठीक करने और विश्वकर्मा चौक पर गड्ढों के स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

# भारत मंडपम में नगर निगम करनाल की विशेष प्रदर्शनी

### अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में बहुआयामी प्रयासों को दर्शाया

■ स्वच्छता, स्मार्ट विकास और सतत योजनाओं को मिला अंतरराष्ट्रीय मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित 'म्यूनिसिपलिका 2026' की 18वीं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन में नगर निगम करनाल द्वारा शहर की स्वच्छता एवं सतत विकास पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में करनाल को स्मार्ट, स्वच्छ और आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने हेतु किए जा रहे बहुआयामी प्रयासों को दर्शाया गया। इसमें ठोस कचरा प्रबंधन की उन्नत प्रणाली, जल संरक्षण उपाय, हरियाली विस्तार, आधारभूत ढांचे का विकास, डिजिटल सेवाओं का विस्तार तथा स्मार्ट सार्वजनिक सुविधाओं की स्थापना जैसे विषय शामिल रहे।


**करनाल।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित म्यूनिसिपलिका 2026 में नगर निगम करनाल की प्रदर्शनी का अवलोकन करते। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर करनाल की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रस्तुत करना गौरव का विषय है। इससे भविष्य में नई तकनीकों एवं साझेदारियों के अवसर सुदृढ़ होंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा सहित अन्य अधिकारी एवं स्वच्छ भारत मिशन शहरी टीम उपस्थित रही।

## उप पुलिस अधीक्षक ने दोनों अधिकारियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया

# निरीक्षक सुखबीर व मुख्य सिपाही सुलेंद को सेवानिवृत्ति पर विदाई

### स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

जिला पुलिस करनाल में अपनी उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाएं देने के उपरांत दो अनुभवी पुलिसकर्मी आज विधिवत रूप से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल, कार्यालय पुलिस अधीक्षक करनाल में एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यालय उप पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार (ह०पु०से०) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन भी इस भावुक एवं सम्मानपूर्ण क्षण के साक्षी बने। उप पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों अधिकारियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का विवरण

⏭ निरीक्षक श्री सुखबीर सिंह पुत्र स्वर्गीय श अमराव सिंह, निवासी जिला अंबाला। दिनांक 20 मार्च 1988 को हरियाणा पुलिस में सिपाही पद पर भर्ती हुए। लगभग 37 वर्ष 11 माह की लंबी सेवा अवधि में इन्होंने प्रदेश एवं देश की सेवा निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ की। सेवा काल में उन्हें कुल 08 रिवॉर्ड प्राप्त हुए।

⏭ मुख्य सिपाही श्री सुलेंद कुमार पुत्र जय सिंह, दिनांक 27 अक्टूबर 2000 को हरियाणा पुलिस में सिपाही पद पर भर्ती हुए। इन्होंने 25 वर्ष 04 माह तक विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। सेवा अवधि के दौरान उन्हें कुल 10 रिवॉर्ड प्राप्त हुए। जिला पुलिस करनाल द्वारा दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों की उल्लेखनीय सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।



## नगर पालिका के क्लर्क आज्ञाराम को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई

**तरावड़ी।** नगर पालिका में कार्यरत क्लर्क आज्ञाराम ने अपनी 20 वर्ष की निष्कलंक एवं समर्पित सेवाएं देने के उपरांत आज सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इस अवसर पर नगर पालिका परिसर में एक सादे लेकिन भावनात्मक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों एवं शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल तथा नगर पालिका सचिव अजीत कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त पार्षद ओम प्रकाश मल्होत्रा और नरेश गाबा, लखविन्द्र सिंह लक्की, आत्म प्रकाश, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल और सचिव अजीत कुमार ने आज्ञाराम के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा और समर्पण भाव से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

## खबर संक्षेप

### पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पानीपत।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत एमएसएमई कार्यालय करनाल द्वारा जीटी रोड स्थित एक नीजि होटल में पीएम विश्वकर्मा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, बैंकिंग सुविधाओं, डिजिटल मार्केटिंग, उत्पाद पैकेजिंग तथा उद्यम विकास से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा।

### नशा मुक्त टीम ने किया ग्रामीणों को जागरूक


**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने आज किवाना गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है।

### बाबा खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव गंगा हेचरी भालसी में श्रद्धापूर्वक सम्पन्न: डॉ. नवीन

# भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की

■ भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** गांव भालसी में बाबा श्याम का पूजन करते हुए डॉ .नवीन नैन आदि श्रद्धालु। फोटोः हरिभूमि

फाल्गुन माह के पावन अवसर पर गंगा हेचरी, गांव भालसी में बाबा खाटू श्याम जी का भव्य महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात विधिवत पूजा-अर्चना एवं ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध सिंगर एवं एक्टर अन्नू हरियाणवी एवं श्यामसुन्दर जागरण मंच ने अपनी मधुर वाणी से बाबा के भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा पंडाल "हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा" के जयकारों से गूंज उठा।इस अवसर पर भव्य फूलों से सजे दरबार की छंठा देखते ही बन रही थी,श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से कीर्तन में भाग लिया और भक्ति रस में सराबोर हो गए। दोपहर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. नवीन नैन भालसी ने बताया कि फाल्गुन माह बाबा श्याम की विशेष कृपा का समय माना जाता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है।अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ,श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष और भी भव्य आयोजन का संकल्प लिया।इस दौरान चौधरी प्रेम सिंह भालसी,अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय,पेरिस से सुभाष रोहिल्ला जी,दुबई से प्रवेश शर्मा,एस आर एम युनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार वी.शेममयुल आर,अन्तरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेशाध्यक्ष सुरेस सिरोही ,मार्केट कमेटी एसडीओ विजयपाल ,राम किशन राठी आदि गणमान्य व्यक्तियों ने श्रदापूर्वक बाबा श्याम के भजन, कीर्तन का आनंद लिया।



**पानीपत।** विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि व आयोजक। **फोटो : हरिभूमि**

## एसडी कॉलेज में यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत।


एसडी पीजी कॉलेज में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हो गया। जिसके अंतिम दिन की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई जिसे मुख्य अतिथि संजय धत्रेवाल जॉइंट.कमिशनर नगर निगम पानीपत ने फहराया और वाईआरसी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रधान दिनेश गोयल, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल और प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने पौधा.रोपित गमलें भेंट करके किया। उनके साथ रेडक्रॉस से रमेश डीटीओ, कला देवी और फस्ट.ऐड ट्रेनर सोनिया शर्मा भी उपस्थित रही। विशिष्ट मेहमान डॉ.एसएन गुप्ता वरिष्ठ शल्य चिकित्सक, गौरव राम करण सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी और प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने अपने.अपने ज्ञान और अनुभव को कार्यकर्ताओं और काउंसलरस के साथ सांझा किया।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर विभिन्न कालेजों से आये काउंसलरस डॉ.जोगेश बांगड आईबी कॉलेज, प्रो.सुमन वर्मा जीडीआर कॉलेज आफ एजुकेशन, प्रो.मंजली वैश्य गर्ल्स कॉलेज समालखा, डॉ.शिवाली देवगन एनसी कॉलेज आफ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल इसराना, प्रो.खुशबू वर्मा आर्य कॉलेज पानीपत, डॉ.किरण देवी चौधरी देवी लाल गर्ल्ज कॉलेज सिवाह, डॉ.पूजा रानी राजकीय गर्ल्ज कॉलेज मतलौडा, प्रो.अभिषेक मोगा राजकीय महाविद्यालय बापौली, प्रो.सिद्धार्थ पाईट समालखा और 120 वाईआरसी कार्यकर्ताओं ने कैंप में शिरकत की।

## पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



**पानीपत।** अतिथियों का स्वागत करते आयोजक। **फोटो : हरिभूमि**

विश्व विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आर्य कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग ने आज पोस्टर मेकिंग एवं पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों को अपनी वैज्ञानिक अवधारणाओं को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करने का अवसर देती हैं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने हरित रसायन एवं सतत विकास, जलवायु परिवर्तन और नवीन ऊर्जा स्रोत जैसे विषयों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीं पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने नैनो टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग, आधुनिक चिकित्सा में रसायन तथा अंतरिक्ष अनुसंधान में रासायनिक योगदान जैसे गंभीर विषयों पर अपने शोधपूर्ण विचार सांझा किए। विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल वर्मा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डॉ.वर्मा ने कहा कि हमारे छात्रों ने जिस गहनता और रचनात्मकता से विषयों

### प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भूमि बजाज, भावना, अंजली, तान्या, ओजस्वी ने संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार, रितु, मानसी, तनिषा, आशु व स्वाति ने संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार, वहीं अंशुल, दीपांशी, ईशा, शीतल व ईशा शर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। पावर प्वाइंट प्रजंटेशन में पहला स्थान आर्यन और तान्नया ने, दूसरा टीना और किटटू ने, तीसरा तृषा व श्रेया ने अपने नाम किया।

## महाराजा अग्रसेन निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**पानीपत।** अग्रवाल संगठन द्वारा एसडी विद्या मंदिर में महाराजा अग्रसेन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने महाराजा अग्रसेन के जीवन पहलू पर विभिन्न प्रकार के विचार निबंध के माध्यम से लिखें विद्यार्थियों ने सारांश रूप में लिखा कि महाराजा अग्रसेन जी का जीवन एक अद्भुत और प्रेरणादायक कहानी है। एसडी विद्या मंदिर स्कूल के लगभग 100 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। अग्रवाल संगठन के चेयरमैन अशोक गर्ग एवं प्रधान विकास गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का संदेश महाराजा अग्रसेन का जीवन जन-जन तक पहुंचे, उसके लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। स्पर्धा के संयोजक सुमित ,सीमा अग्रवाल ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। संगठन के महासचिव मुकेश गर्ग एवं सचिव मनीष गोयल ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया।

## शिविर में 57 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा



**पानीपत।** रक्तदाताओ को बैज लगाते हुए अतिथि। **फोटो : हरिभूमि**

माता मंदिर,समालखा में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के गांव के लोगों के ने रक्तदान किया एवं स्वास्थ्य संबंधित जांच कराई। इसमें 57 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम के प्रभारी जगपाल गाहल्याण को चेतना कलब के प्रधान विपिन दहिया ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप पहुंचे सुदेश कटारिया(मिडिया सलाहकार - केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर)ने रक्तदाताओं को सर्टिफीकेट देकर एवं डोनर बैच लगाकर सम्मानित किया।अपने सम्बोधन के दौरान उन्होंने रक्तदान को महादान बताया।उन्होंने बताया कि किसी का जीवन बचाने से बड़ा पुण्य का कार्य नहीं हो सकता।नशा मुक्ति अभियान पानीपत की टीम के प्रभारी जगपाल गाहल्याण के नेतृत्व में पहुंची जिसमें उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो आप हमसे संपर्क कर सकते हैं।नगर पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल ने रक्तदाताओं का धन्यवाद किया और नशा न करने की अपील की।अंत में विपिन दहिया(ह,पु)ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।दहिया ने बताया कि क्लब द्वारा सालाना लगभग 4 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं और समय समय पर नशा मुक्ति अभियान,ठंड में गरीब बच्चों को कपड़े उपलब्ध कराना आदि कार्य किए जाते रहते हैं। इस अवसर भाजपा शहरी प्रधान रेखा गोयल,पार्षद संजय गोयल,साहब सिंह रंगा,सतीश देहरा,भगत सिंह ग्वाल्डा, रोहित, नीतीश नामुंडा, विशाल, पार्षद रेणु धीमान, अनिल , राजेंद्र प्रधान , आदि उपस्थित रहे।

## आईबी कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणित विभाग की तरफ से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आईबीएल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक युधिष्ठिर मिगलानी ने बताया कि बच्चों को इन गतिविधियों में निरंतर भाग लेना चाहिए, जिनसे उनका आत्मविश्वास का निर्माण होता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि गणित एक ऐसा विषय है जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हर क्षेत्र से जुड़ा है। ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का ज्ञान एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। विभागाध्यक्ष डॉ.अर्पणा गर्ग ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यार्थी अपने निश्चित विचार, तथ्य या प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। विद्यार्थियों ने फेक्ट्रल्स, मैथमेटिक्स इन क्लाइमेट मॉडलिंग, ग्राफ थ्योरी इन सोशल नेटवर्क्स, मैथमेटिक्स का स्टॉक मार्केट, ऑप्टिमाइजेशन इन रियल लाइफ आदि विषयों पर पोस्टर बनाएं। इस गतिविधि में विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपप्राचार्या डॉ.किरण मदान, डॉ.सुनित शर्मा, डॉ.पूनम मदान, डॉ.निधान सिंह, सहायक प्रो.पवन कुमार, डा.विक्रम कुमार, सहायक प्रो. अजयपाल व डॉ.प्रवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




**पानीपत।** पत्रकारों से बातचीत करते आप नेता सुरेंद्र अहलावत व अन्य ।

आम आदमी पार्टी पानीपत इकाई ने आज दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं अन्य नेताओं को कथित शराब मामले में अदालत द्वारा बरी किए जाने पर विजय उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने लड्डू वितरित किए, नारे लगाए और ईमानदारी की जीत का संदेश दिया। पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुरेंद्र अहलावत ने कहा कि महीनों तक झूठा नैरेटिव गढ़कर छवि धूमिल करने की कोशिश की गई, लेकिन अदालत के फैसले ने सच्चाई सामने ला दी। यह निर्णय राजनीतिक बदले की मानसिकता पर करारा जवाब है। लोकसभा करनाल अध्यक्ष अजय सिंगला ने कहा कि आज सिद्ध हो गया कि आरोपों की राजनीति ज्यादा समय तक नहीं चलती। प्रदेश सहसचिव सुखबीर मलिक ने कहा कि यह फैसला संघर्षरत कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है।

राजनीतिक द्वेष के माहौल में भी हमने संयम और दृढ़ता दिखाई। अब यह ऊर्जा और अधिक मजबूती से संगठन विस्तार में लगेगी। उपाध्यक्ष नरेंद्र जेसिया ने कहा कि यह जीत हर उस कार्यकर्ता की है जिसने दुष्प्रचार के बावजूद विचारधारा का साथ नहीं छोड़ा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जसबीर जस्सा, जिला सचिव योगेश कौशिक, प्रीतपाल खेड़ा , विकास अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजन मुंडे, राजपाल एडवोकेट, संदीप तथा सचिन जांगड़ा की उपस्थिति रही।

## रिफाइनरी एरिया के जंगल से गंदा धंधा बंद कराने की मांग

**पानीपत।** रिफाइनरी एरिया के जंगल से वेश्यावृत्ति के धंधे को बंद करवाने की मांग को लेकर बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा एसपी को संयुक्त पत्र लिखा गया है। संयुक्त रूप से भेजे गए पत्र में अनेक गांव के सरपंच प्रतिनिधि, पंच, नंबरदार, सामाजिक कार्यकर्ता व विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग शामिल हैं। बुद्धिजीवी वर्ग ने एसपी भूपेंद्र सिंह को लिखे पत्र में बताया है कि रिफाइनरी एरिया में लोहे वाले पुल के नजदीक दिल्ली पैरलल ब्रांच पर पिछले काफी समय से वेश्यावृत्ति का धंधा जोर शोर से चल रहा है। यहां पर काफी औरतें जंगल से लकड़ी तोड़ने के बहाने से आती हैं और दलालों के माध्यम से वेश्यावृत्ति का धंधा करती हैं।

## जिले में प्रवृत्ति संबंधी मामलों में हुई प्रगति पर सराहना की




**पानीपत।** समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आज वर्चुअल रूप से आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार की प्रधान सचिव अमनीत पी कुमार ने की। उन्होंने समीक्षा बैठक में प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। प्रधान सचिव ने निर्देश दिए कि जिन शिकायतों के समाधान में कठिनाइयां आ रही हैं, संबंधित अधिकारी मौके का दौरा कर प्रख्यात व्यक्तियों और संबंधित पक्षों से संवाद स्थापित करें, ताकि समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। बैठक के दौरान पानीपत जिले में प्रवृत्ति संबंधी मामलों में हुई प्रगति पर विशेष रूप से सराहना की गई। उपस्थित अधिकारियों ने तालियां बजाकर इस उपलब्धि का स्वागत किया। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण ने बताया कि हमें खुशी है कि जिला पानीपत ने पूरे हरियाणा में शिकायतों के निस्तारण में पहला स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजय मलिक, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक सतीश वत्स, जिला राजस्व अधिकारी कलब लाकड़ा, उपमंडल अधिकारी पशुपालन विभाग डॉ. भगवान दास, डॉ. प्रज्ञा , जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता करण बहल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** डीपीएस सिटी में एमयूएन क्लब के वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन

## काशवी ने नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा




**पानीपत।** डीपीएस पानीपत सिटी के कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि व विद्यार्थी। **फोटो : हरिभूमि**

दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में मॉडल यूनाइटेड नेशंस क्लब (25-26)के वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब कॉर्डिनेटर ऋतिक जिंदल,विद्यालय की हेड सोनिया तोमर,उप प्रधानाचार्या आभा विशार्द एवं एमयूएन क्लब के छात्र सदस्य उपस्थित थे। सर्वप्रथम विभागीय प्रमुख अनिका गर्ग ने अपने स्वागत भाषण से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात काशवी द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर वडोदरा लिटरेचर फेस्टिवल स्कूल का गौरव बढ़ाने वाले छात्रों नवराज,वृद्धि ,जैस्मिन और जिहान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्षा अनन्या और विभिन्न विभाग के प्रमुखों ने अपने वर्ष भर के अनुभवों को सांझा किया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या आभा विशार्द ने छात्रों की अभिव्यक्ति कुशलता और शोध क्षमता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने जिस प्रकार वैश्विक मुद्दों पर अपनी पकड़ बनाई है,वह सराहनीय है। उन्होंने क्लब के कॉर्डिनेटर ऋतिक जिंदल के मार्गदर्शन की भी खूब तारीफ की। कार्यक्रम के अंत में सभी क्लब के सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। तत्पश्चात एमयूएन क्लब के सभी सदस्यों के लिए जलपान कराया गया।

## पुलिस की डिजिटल पाठशाला में जैन किड्स के बच्चों को मिले सुरक्षा के मंत्र



**पानीपत।** जैन किड्स स्कूल में साइबर सुरक्षा और डिजिटल अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स मुख्य अतिथि रहे। डीएसपी सतीश वत्स ने विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, गेमिंग ऐप्स पर होने वाली धोखाधड़ी और अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट से बचने के तरीके बताए। उन्होंने बच्चों को कौवे जैसी सतर्कता अपनाने की सलाह दी। बच्चों को पोक्सो एक्ट और आईटी एक्ट के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी गई ताकि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असुरक्षित स्पर्श के विरुद्ध आवाज उठा सकें। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव मनोज जैन, जैन मंदिर के प्रबंधक पुनीत जैन उपस्थित रहे। साथ ही कानूनी पहलुओं पर चर्चा के लिए एडवोकेट मेहुल जैन और एडवोकेट राजेश गर्ग ने भी शिरकत की। इस अवसर पर मैनेजर संजीव जैन, प्रिंसिपल मोनिका सहगल ने बच्चों को जानकारी देने के लिए डीएसपी सतीश वत्स का धन्यवाद किया।

### विश्व प्रोटीन दिवस पर आईबी ग्रुप का देशव्यापी अभियान

**पानीपत।** विश्व प्रोटीन दिवस पर एग्री.फूड कंपनी आईबी ग्रुप ने हर घर हर दिन चिकन प्रोटीन शीर्षक से एक व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान संचालित किया। यह अभियान कश्मीर से कन्याकुमारी तक 20 राज्यों की 2.500 से अधिक तहसीलों में एक साथ चलाया गया। जिसका उद्देश्य भारत में महिलाओं और बच्चों में व्याप्त 73 प्रतिशत प्रोटीन कमी के प्रति जागरूकता फैलाना था। आईबी ग्रुप की टीमों ने गांवों और तहसीलों का दौरा कर सरपंचों, ग्राम प्रधानों और सम्मानित बुजुर्गों के साथ मिलकर जागरूकता बैठकों का आयोजन किया। अभियान को व्यावहारिक स्वरूप देने के लिए कई स्थानों पर चिकन से बनने वाले पौष्टिक और किफायती व्यंजनों का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। ग्रामीण परिवारों को यह समझाया गया कि 100 ग्राम चिकन में लगभग 27 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन उपलब्ध होता है। आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली ने कहा कि हर घर हर दिन चिकन प्रोटीन अभियान का उद्देश्य देश के हर गांव और हर परिवार तक प्रोटीन के महत्व का संदेश पहुंचाना है। हरियाणा में आईबी ग्रुप की टीम ने राज्य के 10 जिलों की विभिन्न तहसीलों का व्यापक भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने जागरूकता अभियान चलाते हुए दैनिक प्रोटीन पोषण के महत्व का संदेश आमजन तक पहुंचाया। इस अभियान के माध्यम से 64000 से अधिक लोगों तक सीधा संवाद स्थापित किया गया।




**पानीपत।** ग्रामीणों को जागरूक करते आईबी ग्रुप के सदस्य। **फोटो : हरिभूमि**

